# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

Govt. Registered Social Justice Union


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यासससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 29 मार्च 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 180

# अब मनरेगा में मिलेगी ज्यादा मजदूरी, केंद्र ने जारी किया नोटिफिकेशन

नई दिल्ली | आरएनएस

केंद्र सरकार ने मनरेगा मजदूरी दर में संशोधन को लेकर लेटेस्ट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। देशभर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत काम करने वाले मजदूरों को अब पहले के मुकाबले प्रतिदिन के हिसाब से ज्यादा मजदूरी मिलेगी। सरकार ने मनरेगा मजदूरी दर में 3 से 10 फीसदी तक का इजाफा कर दिया है। पूरे भारत में औसत मनरेगा मजदूरी बढ़ोतरी 28 रुपये प्रति दिन है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए औसत वेतन 289 रुपये होगा जबकि वित्त वर्ष 23-24 के लिए 261 रुपये है।



आपको बता दें, मनरेगा योजना का संचालन करने वाले ग्रामीण विकास मंत्रालय ने हाल ही में संशोधित मजदूरी दरों को नोटिफाई करने के लिए चुनाव आयोग की अनुमति हासिल की थी, क्योंकि आगामी आम चुनावों के लिए देश भर में आदर्श आचार संहिता पहले से ही लागू है। मौजूदा समय में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की मजदूरी सीपीआई-एएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक- कृषि श्रम) में बदलाव के आधार पर तय की जाती है। यह ग्रामीण क्षेत्रों में मुद्रास्फीति को दर्शाती है।

सरकार के इस नोटिफिकेशन से पता चलता है कि हरियाणा में प्रतिदिन अधिकतम 374 रुपये मजदूरी मिलेगी। सबसे कम अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड के लिए 234 रुपये प्रतिदिन तय किया गया है। गोवा (10.56 प्रतिशत) और कर्नाटक (10.4 प्रतिशत) में सबसे अधिक प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। जबकि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में मजदूरी दरों में सिर्फ 3 प्रतिशत की सबसे कम बढ़ोतरी की गई है। आंध्र प्रदेश (10.29%), तेलंगाना (10.29%) और छत्तीसगढ़ (9.95%) में जोरदार प्रतिशत वृद्धि हुई है। केंद्र ने केंद्रीय बजट 2024-25 में मनरेगा के लिए 86,000 करोड़ रुपये अलॉट किए थे। यह चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा के संशोधित अनुमान के बराबर था।

# भारत-चीन सीमा पर सुधरेंगे हालात, दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने समाधान के लिए की चर्चा



नई दिल्ली | आरएनएस

सीमा विवाद के समाधान के लिए भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए गठित कार्य तंत्र की 29वीं बैठक बीजिंग में हुई। बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) ने किया, और चीन का प्रतिनिधित्व चीनी विदेश मंत्रालय के सीमा और महासागरीय विभाग के महानिदेशक ने किया।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, बुधवार की हुई बैठक में दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच सीमा विवाद के समाधान समेत शेष मुद्दों को हल करने के बारे में विचार-विमर्श किया। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से नियमित संपर्क बनाए रखने और मौजूदा द्विपक्षीय समझौतों के अनुसार सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने की आवश्यकता पर सहमत हुए। यह बैठक उस समय हो रही है, जब दोनों पक्ष अरुणाचल प्रदेश को लेकर वाकयुद्ध में उलझे हुए हैं। जून 2020 में गलवान घाटी में सैनिकों की झड़प के बाद, भारत और चीन के बीच कई दौर की सैन्य वार्ता हुई है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अग्निवीर योजना में बदलाव को तैयार मोदी सरकार, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिए संकेत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज बड़ा बयान देते हुए कहा कि उनकी सरकार जरूरत पडऩे पर अग्निवीर भर्ती योजना में बदलाव के लिए तैयार है। एक मीडिया हाउस के समिट में बोलते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि अग्निवीरों का भविष्य सुरक्षित रहे। उन्होंने आगे कहा,रक्षा बलों में युवावस्था आवश्यक है। सेना में युवावस्था होनी चाहिए। मुझे लगता है कि युवा अधिक उत्साही हैं। वे अधिक तकनीक-प्रेमी हैं। हमने इस बात का उचित ध्यान रखा है कि उनका भविष्य भी सुरक्षित है। जरूरत पड़ी तो हम इस स्कीम में बदलाव भी करेंगे। जमीन पर कब्जा करने के विपक्ष के दावे पर सिंह ने कहा कि देश की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं, रक्षा मंत्री ने कहा, हमें अपनी सेना पर पूरा भरोसा रखना चाहिए। मैं देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारा देश और इसकी सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं।

### कोलकाता एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ जवान ने खुद को मारी गोली

**कोलकाता (आरएनएस)।** कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गुरुवार को एक सीआईएसएफ जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मॉर्निंग रूटिंग के दौरान एयरपोर्ट पर तैनात सभी जवान गोली की आवाज सुनकर अलर्ट हो गए। इसके बाद जब सभी घटनास्थल पर पहुंचे, तो उन्होंने वहां अपने साथी जवान को खून से लथपथ अजमीन पर गिरा हुआ पाया। जवान को तत्काल पास के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। लेकिन, उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक जवान की पहचान सी विष्णु (25) के रूप में हुई है। वह 2022 में सीआईएसएफ में भर्ती हुआ था। वह मूल रूप से तेलंगाना का रहने वाला था। इस घटना के बाद एयरपोर्ट परिसर पर स्थिति तनावग्रस्त है। सीआईएसफ के शीर्ष अधिकारी स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर घटनास्थल पर पहुंचे। फिलहाल, इस आत्महत्या के पीछे की वजह तलाशने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि पूरी कहानी पता चल सके।

### लोकसभा चुनाव में टिकट न मिलने पर सांसद ने निगला जहर, अस्पताल में तोड़ा दम

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु के इरोड लोकसभा क्षेत्र से एमडीएमके सांसद ए. गणेशमूर्ति (76) का गुरुवार सुबह कोयंबटूर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। लोकसभा का टिकट नहीं मिलने से वह परेशान थे। उन्होंने रविवार को जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। शुरू में उन्हें इरोड के स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया। लेकिन हालत बिगडऩे पर उन्हें कोयंबटूर के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। उनके रिश्तेदारों के अनुसार, गणेशमूर्ति ने रविवार को कीटनाशक खा लिया था, इसके कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में उनकी मौत हो गई।

### केजरीवाल को झटका, 1 अप्रैल तक रहेंगे ईडी की रिमांड पर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कथित शराब नीति केस में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आज कोर्ट से झटका लगा है। केजरीवाल 1 अप्रैल तक प्रवर्तन निदेशालय के रिमांड पर रहेंगे। राउज एवेन्यू कोर्ट ने एक बार फिर उनकी रिमांड की अवधि को बढ़ा दिया है। ईडी ने केजरीवाल की कस्टडी सात दिन के लिए बढ़ाने की मांग की थी। ईडी ने रिमांड मांगते हुए कहा कि मोबाइल फोन से डेटा निकाला गया है और उसका विश्लेषण किया जा रहा है। हालांकि 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल के परिसर में तलाशी के दौरान जब्त किए गए अन्य चार डिजिटल उपकरणों का डेटा अभी तक नहीं निकाला जा सका है। श्ष्ठ ने कोर्ट से केजरीवाल की 7 दिन की कस्टडी और मांगी थी। दलीलें सुनने के बाद राऊज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला रिजर्व कर लिया था। कोर्ट में सुनवाई दोपहर 1.59 बजे शुरू होकर दोपहर 2.39 बजे खत्म हुई। केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी का विरोध करते हुए कहा कि इस केस में मेरा नाम सिर्फ चार जगह आया है। 4 स्टेटमेंट दिए गए और उनमें से कोर्ट के सामने वो बयान लाया गया, जिसमें मुझे फंसाया गया। क्या ये 4 स्टेटमेंट एक मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने के लिए काफी हैं?

# उज्जैन जा रहे बहसूमा के एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत, हरियाणा के मेवात में हुआ हादसा

मेरठ | आरएनएस




हरियाणा के मेवात जिले में हुए भीषण हादसे में मेरठ के एक ही परिवार के चार सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि परिवार उज्जैन जा रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया।

जानकारी के अनुसार मेरठ यूनिवर्सिटी में क्लर्क धन प्रकाश की पत्नी अनीता (45) उसका पुत्र संभव (18) पुत्री गुनी (15) नंद पुष्पा (50) नंद का बेटा पीयूष पुत्र अजय निवासी मोरटा गाजियाबाद, अनीता का भतीजा मौली (25) वर्ष बोलेरो कार में सवार होकर सात सदस्य गुरुवार सुबह उज्जैन के लिए जा रहे थे। रास्ते में हरियाणा मेवात के पास सडक़ हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे में अनीता पत्नी धन प्रकाश, बेटा संभव, अनीता का भतीजा पीयूष निवासी मोरटा गाजियाबाद, भांजे मोली की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। नंद पुष्पा विकास की पुत्री गुनी, गीताश्री (15) गंभीर रूप से घायल हैं।

घर के परिवार के सदस्य घटनास्थल पर गए हुए हैं। घर में अकेली दादी है जिसको अभी घटना के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। घटना की जानकारी पर मोहल्ले की महिलाएं घर में पहुंच रही हैं।

# एनआईए को मिली बड़ी सफलता, रामेश्वरम कैफे विस्फोट का आरोपी मुअज्जिल शरीफ गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मुअज्जिल शरीफ को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के 18 ठिकानों पर छापेमारी के बाद की गई है। कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के 18 ठिकानों पर छापेमारी के बाद एनआईए की तरफ से यह कार्रवाई की गई है। एनआईए ने कहा कि धमाके में संलिप्त फरार आरोपियों को पकडऩे के प्रयास जारी हैं। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को ब्लास्ट की वारदात को अंजाम देने वाला आतंकी पहले से एनआईए के केस में वांटेड था। एनआईए ने मुसाविर हुसैन शाजिब और अब्दुल मतीन ताहा पर 3-3 लाख रुपये का इनाम रखा गया था। वांटेड रहते हुए भी दोनों ने बम धमाके की वारदात को अंजाम दिया था।

# आग की लपटों से घिरी बहन को बचाने में बुरी तरह से झुलस गया भाई, दोनो की हुई मृत्यु

हरदोई | आरएनएस



आग की लपटों के बीच घिरी बहन को बचाने दौड़ा उसका भाई भी बुरी तरह से झुलस गया था। बहन की पहले ही मौत हो गई, जबकि उसके बाद उसके भाई ने भी दम तोड़ दिया।

मालूम हो कि 23 मार्च को पिहानी कोतवाली के अंदा इब्राहिमपुर में हुए अग्निकांड में भाई-बहन की मौत होने के बाद सारा गांव गहरे सदमे में है।बताते चलें कि 23 मार्च को अंदा इब्राहिमपुर निवासी बालकराम के घर अचानक आग लग गई। इसका पता होते ही गांव में हडक़ंप मच गया। उधर घरेलू सामान बचाने में जुटी बालकराम की 17 वर्षीय पुत्री संतरा आग की लपटो से घिर गई, उसके चीखने की आवाज़ सुन कर बालकराम का 30 वर्षीय पुत्र मान सिंह अपनी बहन को बचाने दौड़ पड़ा।

हादसे में बहन संतरा के अलावा उसका भाई मान सिंह भी बुरी तरह से झुलस गया। दोनों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया,जहां से संतरा को लखनऊ रिफर कर दिया गया। वहां उसकी मौत हो गई।

इधर, मान सिंह की हालत बिगड़ती देख उसे भी रिफर कर दिया गया। बताते हैं कि बुधवार को उसे वहां के डाक्टरों ने जवाब दे दिया। घर वाले मान सिंह को वापस घर ला रहे थे। उसी बीच उसकी रास्तें में ही मौत हो गई। मान सिंह अपने चार भाइयों में बड़ा था। उसके परिवार में उसकी पत्नी उमा देवी और एक बेटा गगन है।अग्निकांड में भाई-बहन की मौत होने से घर में मातम है वहीं सारा गांव गहरे सदमें में डूब गया।

# केंद्र सरकार की सख्ती: नगालैंड में 6 महीने के लिए बढ़ाया एएफएसपीए

## ❑ आठ जिलों को अशांत घोषित किया

नई दिल्ली | आरएनएस

एएनआई, नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने नगालैंड के 8 जिलों और 21 पुलिस स्टेशनों को अशांत घोषित कर दिया है। इसी के साथ केंद्र सरकार ने इन सभी जगहों पर अगले 6 महीने के लिए AFSPA को बढ़ा दिया है। इसे लेकर केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। राज्यों में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के बाद ये फैसला लिया गया है।

गृह मंत्रालय (एमएचए) ने एक अधिसूचना के माध्यम से घोषणा की। जिसमें कहा गया कि नगालैंड के दीमापुर, न्यूलैंड, चुमौकेदिमा, मोन, किफिरे, नोकलाक, फेक और पेरेन जिलों में AFSPA को अगले छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है।

इसके अलावा, AFSPA को नगालैंड के पांच जिलों में 21 पुलिस स्टेशनों, जुन्हेबोटो और मोकोकचुंग जिलों में छह-छह पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों में बढ़ा दिया गया है; कोहिमा में पांच पुलिस स्टेशन; वोखा में तीन पुलिस स्टेशन और लोंगलेंग जिले में यांगलोक पुलिस स्टेशन शामिल हैं।

**21 पुलिस स्टेशन भी हैं शामिल-** इन 21 पुलिस स्टेशनों में कोहिमा जिले के खुजामा, कोहिमा उत्तर, कोहिमा दक्षिण, जुब्ज़ा और केज़ोचा पुलिस स्टेशन शामिल हैं; मोकोकचुंग जिले में मंगकोलेम्बा, मोकोकचुंग-I, लोंगथो, तुली, लोंगकेम और अनाकी 'सी' पुलिस स्टेशन; लोंगलेंग जिले में यांगलोक पुलिस स्टेशन; वोखा जिले में भंडारी, चंपांग और रालन पुलिस स्टेशन और जुन्हेबोटो जिले में घटाशी, पुघोबोटो, सताखा, सुरुहुतो, जुन्हेबोटो और अघुनाटो पुलिस स्टेशन शामिल हैं।

अधिसूचना में कहा गया, नगालैंड में दीमापुर, निउलैंड, चुमौकेदिमा, मोन, किफिरे, नोकलाक, फेक और पेरेन जिले और नगालैंड के क्षेत्र i) कोहिमा जिले के खुजामा, कोहिमा उत्तर, कोहिमा दक्षिण, जुब्ज़ा और केज़ोचा पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं; ii) मोकोकचुंग जिले में मंगकोलेम्बा, मोकोकचुंग-I, लोंगथो, तुली, लोंगकेम और अनाकी 'सी' पुलिस स्टेशन; iii) लॉन्गलेंग जिले में यांगलोक पुलिस स्टेशन; iv) वोखा जिले में भंडारी, चंपांग और रालन पुलिस स्टेशन; और v) घटाशी, पुघोबोटो, जुन्हेबोटो जिले के सताखा, सुरुहुतो, जुन्हेबोटो और अघुनाटो पुलिस स्टेशनों को 1 अप्रैल, 2023 से छह महीने की अवधि के लिए सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 की धारा 3 के तहत 'अशांत क्षेत्र' घोषित किया जाता है।

**राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति के बाद लिया फैसला-** केंद्र ने नगालैंड राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति की आगे की समीक्षा के बाद यह कदम उठाया। इससे पहले, केंद्र सरकार ने सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 (1958 का 28) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगालैंड राज्य के पांच अन्य जिलों में आठ जिलों और 21 पुलिस स्टेशनों को 1 अक्टूबर, 2023 से छह महीने की अवधि के लिए 'अशांत' घोषित किया था।

AFSPA सुरक्षा बलों को किसी व्यक्ति को बिना वारंट के गिरफ्तार करने, बिना वारंट के परिसर में प्रवेश करने या तलाशी लेने के साथ-साथ कुछ अन्य कार्रवाई करने का अधिकार देता है।

**एल्विश सांप प्रकरण मामला**

# पीएफए की याचिका पर आज अदालत में होगी सुनवाई

गुरुग्राम | आरएनएस

यूट्यूबर एल्विश यादव सांप प्रकरण मामले में आज गुरुवार को अदालत में सुनवाई होगी। इस मामले की सुनवाई अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनोज राणा की अदालत में चल रही है। इस मामले में पांच मार्च को सुनवाई से पहले ही याचिकाकर्ता सौरव गुप्ता ने नफे सिंह राठी और सिद्धू मूसेवाला की तरह हमला होने की आशंका पर लंबी तारीख और सुरक्षा के लिए अदालत को पत्र लिखा था।

याचिकाकर्ता ने बताया कि पुलिस की तरफ से सुरक्षा देने के लिए फोन आया था। अदालत परिसर में सुरक्षा देने का आश्वासन दिया गया है। आज करीब 11.30 तक याचिकाकर्ता अदालत में आयेंगे। 32 बोर गाने में एल्विश यादव के पास विदेशी मूल के सांप दिखे थे। इसी को लेकर उन्होंने अदालत में याचिका दायर की है।

पिछले साल पुलिस द्वारा नोएडा सेक्टर 51 में सांप तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ करने के बाद गिरफ्तार किए गए पांच लोगों ने पुलिस को बताया कि वे एल्विश यादव द्वारा आयोजित रेव पार्टियों में सांप के जहर की आपूर्ति करते थे। मामला वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत दर्ज किया गया था।

# अनंत नेशनल क्षेत्रीय भाषाओं में डिजाइन प्रवेश परीक्षाएं लेने वाली बनी पहली यूनिवर्सिटी

अहमदाबाद | आरएनएस

अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी ने अनंत डिजाइन एंट्रेंस एंड प्रोफिशिएंसी टेस्ट (एडीइपीटी) का दूसरा राउंड शुरू करने की घोषणा की है। यह बैचलर ऑफ़ डिजाईन (बी.डिज) पाठ्यक्रम के लिए यूनिवर्सिटी की ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा है। डिजाईन शिक्षा के क्षेत्र में नई उपलब्धि जोड़ते हुए, एडीईपीटी का यह राउंड पाँच भाषाओं अंग्रेजी, हिंदी, गुजराती, बंगाली और तमिल में होगा।



यह अग्रणी कदम भारत में पहला उदाहरण है जहाँ कोई डिजाईन संस्थान परम्परागत रूप से चयनित अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं में रचनात्मकता और नवाचार की योग्यता का मूल्यांकन करने जा रहा है। यह कदम अलग-अलग भाषाई पृष्ठभूमि के आकांक्षी डिजाईनरों के लिए समावेश्नै और समान अवसरों के प्रति अनंत की वचनबद्धता दर्शाता है। अनंत मूल्यांकन के विकल्पों का विस्तार करके प्रतिभा की अधिक व्यापक श्रृंखला के लिए दरवाजे खोलते हुए डिजाईन शिक्षण में समावेशन और पहुँच की सुलभता को बढ़ावा दे रहा है। डिजाईन प्रवेश परीक्षा 7 अप्रैल को संचालित की जायेगी। इसके लिए अब रजिस्ट्रेशन आरम्भ हो गया है, जिसकी अंतिम तारीख 31 मार्च है।

अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट, अजय पीरामल ने कहा कि, डिजाईन भाषा से परे है और स्टूडेंट्स के लिए इन पाँच भाषाओं में से किसी एक में एडीईपीटी की कोशिश करने का यह अवसर इस सिद्धांत का सच्चा प्रतीक है। प्रत्येक स्टूडेंट को अपनी सबसे सुविधाजनक भाषा में अपनी-अपनी प्रतिभा और सामर्थ्य प्रदर्शित करने का अवसर उपलब्ध होगा।

एडीईपीटी मानकीकृत मूल्यांकन विधि से अलग है, जिसमें अभ्यर्थी के आलोचनात्मक चिंतन, डिजाईन संबंधी योग्यता, सर्वांगीण दृष्टिकोण, और सामाजिक एवं वैश्विक गतिशीलता की जागरूकता का मूल्यांकन किया जाता है। अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी स्नातक से लेकर डॉक्टोरल स्तर तक के विविध पाठ्यक्रम प्रदान करता है। यूनिवर्सिटी ऑफ़ पेंसिलवेनिया, यूनिवर्सिटी ऑफ़ मियामी, प्रैट, आदि जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सुदृढ़ शैक्षणिक साझेदारियों से स्टूडेंट्स को बहुमूल्य वैश्विक शिक्षण के अवसर और संपर्क की सुलभता प्राप्त होती है। यह यूनिवर्सिटी संपूर्ण शिक्षण को बढ़ावा देती है, स्टूडेंट्स को अपने-अपने क्षेत्रों में निखरने में सशक्तह करती है, उन्हें समाधान करने वाला बनाती है। वे बड़ी सोच रखने वाले थिंकर्स में विकसित होते हैं जोकि समाधान-आधारित मानसिकता के साथ वैश्विक चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार रहते हैं।

अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी के विषय में अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी (अनंतयू) अपनी शुरुआत से ही सस्टेनेबिलिटी और टेक्नोलॉजी की शिक्षा में पथ-प्रदर्शक रहा है। यह बैचलर ऑफ़ डिजाईन, बैचलर ऑफ़ आर्किटेक्चर, मास्टर ऑफ़ डिजाईन और मास्टर ऑफ़ आर्किटेक्चर जैसे पाठ्यक्रम प्रदान करता है। अनंतयू वर्ष 2020 से अति-प्रतिष्ठित अनंत फ़ेलोशिप फॉर क्लाइमेट ऐक्शन प्रदान कर रहा है। यह जलवायु परिवर्तन के समाधानकर्ताओं के लिए एक अनूठा एक-वर्षीय वैश्विक पाठ्यक्रम है। यह फ़ेलोशिप एमआईटी सॉल्व का सदस्य है और इसका लक्ष्य जलवायु परिवर्तन के नवोन्मेषकों का एक समुदाय तैयार करना है, जो विभिन्न व्यावसायिक और भौगोलिक क्षेत्रों तथा पीढियों के विचारों और विशेषज्ञताओं के द्वारा एक-दूसरे के साथ सहयोग और आदान-प्रदान कर सकें। अनंतयू में डिजाईन चिंतन का प्रयोग करके स्टूडेंट्स को सभी पाठ्यक्रम सीखने एवं स्थायी समाधानों में योगदान करने के अवसर के प्रदान किये जाते हैं। यूनिवर्सिटी का विस्तृत मेकर स्पेस हाई-टेक डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग लेबोरेटरी और इलेक्ट्रॉनिक्स वर्कबेंच सहित विभिन्न उपकरणों से सुसज्जित है।